



इंदौर. नवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है. जैसे ही शाम ढलती है, शहर के विभिन्न स्थलों पर गरबों की प्रस्तुति और माता के भजनों की गूंज सुनाई देने लगती है. भक्तों की टोलियाँ पारंपरिक वेशभूषा में माता रानी की भक्ति में झूमते हुए गरबा और डांडिया खेलते नजर आती हैं. धार्मिक वातावरण से पूरा शहर भक्ति रस में डूबा हुआ है.

एक नजर में

## सबजेल देपालपुर में काव्य गोष्ठी आयोजित



इंदौर. जेल प्रशासन एवं तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के संयुक्त तत्वावधान में उपजेल देपालपुर में सेवा पखवाड़ा अभियानके अंतर्गत नशा उन्मूलन विषय पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देपालपुर विधायक मनोज पटेल तथा अध्यक्षता जिला न्यायाधीश एवं समिति अध्यक्ष हिदायत उल्ला खान ने की. इस अवसर पर बेटमा,गौतमपुरा और देपालपुर के जाने-माने कवि पंकज प्रजापति, गोपाल गर्वित, विकास यादव एवं श्याम गोयल ने प्रभावशाली काव्य पाठ कर बंदियों को नशा त्याग व समाज सेवा हेतु प्रेरित किया. जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला खान ने भी अपनी कविता के माध्यम से अपराध व नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया. मुख्य अतिथि विधायक मनोज पटेल ने कहा कि अधिकांश अपराध नशे की स्थिति में होते हैं, इसलिए नशे से दूरी बनाना आवश्यक है. कार्यक्रम में आभार सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह ने व्यक्त किया. इस दौरान जेल प्रशासन व तहसील विधिक सेवा समिति की ओर से कवियों को मेडल से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में एसडीओपी देपालपुर संघप्रिय सम्राट, नगर निरीक्षक रंजीत सिंह बघेल, सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह, अभिभाषक संघ देपालपुर के अध्यक्ष सी.एल. पटेल, सचिव पवन जोशी, ए.डी.पी.ओ. विक्रम राव, ईशराम, अंतरसिंह तथा वरिष्ठ अधिवक्तागण राजेन्द्र पटेल, ए.एस. मौर्य, बी.आर. पटेल, एम.डी. बैरागी, प्रकाश पटेल, कैलाश चौधरी, चेतन राठौर सहित सम्पूर्ण जेल स्टॉफ एवं बंदी उपस्थित रहें।

## अपनी आत्मा ही कर्म करती व भोगती है



इंदौर. उपप्रवर्तक श्रुतिमुनि महाराज संबोधित करते हुए कहा कि धर्म सबको नहीं मिलता धर्म अनमोल हैं, धर्म के प्रति लगाव रखों उच्च कुल में जन्म लेने के बाद हमें तप, अहिंसा, चरित्र, दया का धर्म मिला है जीवन में जैनत्व आये तो ही धर्म टिकेगा. अपनी आत्मा कर्म कर रही है परन्तु कौन से कर्म कर रहीं है धर्म और कर्म साथ चलेगें तो हमारे कर्म भी अच्छे होगें लोभ ओर लालच में व्यक्ति भूल जाता है कि मै कौन से कर्म बांध रहा हूं धर्म और कर्म हमेशा साथ रहते है जैसे-जैसे करोगें वैसे फल मिलते जायेगें. अपनी आत्मा ही कर्म करती है और भोगती है हमे विचार करना है कि हमे कोनसे कर्म करना है दृढ धर्मी बनो, धर्मानुरागी बनो. तप शिरोमणी अक्षर मुनि जी महाराज के 45 उपवास की तपस्या सुखसाता पूर्वक गतिमान है आगामी 5 अक्टूम्बर को तपस्या के निमित संघ कि ओर से भव्य आयोजन महावीर बाग में सम्पन्न होगा. तपस्या के इस कार्यक्रम कि निमंत्रण पत्रिका का मुहूर्त आज किया गया. पत्रिका के मुहूर्त में महामंत्री रमेश भंडारी, प्रकाश भटेवरा, टी.सी. जैन, सुरेश देशलहरा, जिनेश्वर जैन, रितेश कटकानी, अशोक मंडलिक, विमल तांतेड़, अभय झेलावत, प्रकाश कोठारी, सुविधी जवेरी, सुमतीलाल छजलानी, नगीन नारेलिया, महेन्द्र डागरिया, विनोद भटेवरा, प्रमोद जैन आदि ने पत्रिका का मुहूर्त किय. धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर माल्यार्पण



इंदौर. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमाओं पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण किया एवं मतदान केंद्र स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और उनके जीवन दर्शन पर आधारित कार्यक्रम सम्पन्न हुए. बापट चौराहे स्थित दीनदयाल की प्रतिमा पर विधानसभा 2,3,5 व निपानिया मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, सुदर्शन गुप्ता, राजेंद्र राठौर, चंदु शिंदे, सुधीर कोल्हे, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, दीपक जैन टीनू, बृजेश शुक्ला, सुरेश कुरवाडे, मनोज मिश्रा, कमल वाघेला, आश्विन शुक्ल, मनीष चौरट, पृथ्वी गोरे, राहुल चौकसे, पिंटू चौधरी, पराग कौशल, कमल चौहान, गुड्डू कुमायूं बालमुकुंद सोनी, श्री सर्वजीत गौड, कपिल पाठक, राहुल प्रजापत आदि ने माल्यार्पण किया. बापट चौराहे पर कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भाजपा की वेचारिक अधिष्ठान की धुरी है, गरीबों के कल्याण का संदेश अपने जीवन भर दिया है. गरीब कल्याण की सभी योजनाएं भाजपा दीनदयाल जी की प्रेरणा से चलाती है। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा के पितृपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन देकर अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण का चिंतन किया, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार उनके दर्शन को आत्मसात कर गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है.

# गरीब वर्ग के पोषण की चिंता करना हमारा संस्कार : मंत्री पटेल

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके जीवन वृत्त पर आधारित व्याख्यान

**इंदौर. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवतावाद के प्रेरणा स्त्रोत हैं. भारतीय संस्कृति हमें सिखाती है, खुद का पोषण, खुद के परिवार का पोषण और समाज के गरीब वर्ग के पोषण की चिंता करना ही हमारा संस्कार है. बाजारवाद के सामने भारत के संस्कार और सिद्धांतों के आधार पर पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जो एकात्म मानवतावाद का विचार दिया था. यह विचार हमारी सनातन परंपरा का प्रतिरूप है, वसुधैव कुटुंब की परंपरा का आदर्श रूप है.**



यह बात पुखराज पैलेस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके जीवन वृत्त पर आधारित व्याख्यान में बोलते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही. कार्यक्रम के प्रारंभ में गौ सेवा पूजन, मंत्री प्रहलाद पटेल, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी गौड़ आदि अतिथियों ने किया. इस अवसर पर प्रहलाद पटेल, मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, कृष्णमुरारी मोघे, सुदर्शन गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, श्रीमती अंजू मखीजा, कमल बाघेला, सुधीर कोल्हे, हरप्रीत सिंह बक्शी, वीरेंद्र शेंडगे, बंटी गोयल, महेश कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा दीनदयाल उपाध्याय का संदेश कहता है, दुनिया एक बाजार नहीं, दुनिया एक परिवार है.

हमारी सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा कल्याण को समर्पित है. दीनदयाल जी जैसे नेताओं का संस्कार ही भाजपा का विचार है. कार्यक्रम का संचालन सुधीर कोल्हे व आभार विधायक मालिनी गौड़ ने माना.

**पं. दीनदयाल का दर्शन प्रेरणास्रोत**

मंत्री पटेल ने कहा कि दरिद्र नारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है. यदि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को अपनी बराबरी पर लेकर आओगे तभी तुम्हारी राजनीतिक सफलता होगी. तुम्हारे विचार की सफलता होगी. आज भाजपा की सरकार जो गरीब कल्याण के कार्यक्रम चल रही है, लाडली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, वरिष्ठों का बीमा, गरीबों के लिए राशन, मकान, टॉयलेट, सब का इलाज, इन सभी कार्यक्रमों के पीछे दीनदयाल जी का गरीब कल्याण का दर्शन है. जो भारतीय जनसंघ का और फिर भाजपा का प्रेरणा स्त्रोत है.

# हर विद्यार्थी तक शिक्षा पहुंचाना मिशन

**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम, में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान एडटेक कंपनी स्टडी आईक्यू ने यूट्यूब पर दो करोड़ सब्सक्राइबर्स पूरे होने का जश्न मनाया.

इस अवसर पर अड्डा एजुकेशन, स्टडी आईक्यू के फाउंडर और सीईओ अनिल नागर ने कहा 2015 में स्टडी आईक्यू ने एक छोटे से कमरे, एक लैपटॉप और एक सपने के साथ शुरुआत की थी. आज वह सपना 2 करोड़ शिक्षार्थियों के परिवार में बदल चुका है. लेकिन ये 2 करोड़ सिर्फ आंकड़े नहीं हैं-ये कहानियां, भावनाएं और आकांक्षाएं हैं. हमारा मिशन हमेशा हर विद्यार्थी तक शिक्षा पहुंचाना रहा है. वहीं, कार्यक्रम के दौरान जश्न के हिस्से के रूप में, स्टडी आईक्यू ने वंचित छात्रों के लिए एक स्कॉलरशिप कार्यक्रम की घोषणा की. इस पहल के तहत, पहले 20 पात्र छात्रों को किसी भी स्टडीआईक्यू कोर्स में सौ प्रतिशत नि:शुल्क प्रवेश मिलेगा. परीक्षा तैयारी से एक कदम आगे बढ़ते हुए, कंपनी ने पर्चम नामक एक फ्री स्किल डेवलपमेंट कोर्स की भी घोषणा की, जिसे विद्यार्थियों को जीवन



और करियर में सफलता के लिए तैयार करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है. इस कोर्स में जेनरेटिव एआई, इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल्स, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट और अन्य कई क्षेत्रों से जुड़े मॉड्यूल शामिल हैं, जिनका मकसद विद्यार्थियों की सामान्य क्षमताओं को सशक्त बनाना है. कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों के साथ-साथ ऑनलाइन जुड़े शिक्षार्थियों को भी तुरंत प्रवेश प्रदान किया गया.

# मंदिर में सौ से अधिक बालिकाएं भक्ति भाव से कर रही गरबा

**इंदौर. श्री मानस गरबा मंडल द्वारा श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में गरबो के माध्यम से माँ शक्ति की आराधना हो रही है.**



महंत मंगलदास महाराज खाकी के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्र की 100 से अधिक बालिकाये भक्ति भाव से गरबा कर रही है. मीना राणा शाह ने बताया कि बीते 20 वर्षो से यह नौ दिनी आयोजन शारदीय नवरात्रि में संपन होता है.

प्रवीण जोशी ने बताया कि ढोलक और संगीत की धुनों पर छोटी छोटी बालिकाये गरबा करती है. सभी बालिकायें माँ के वेश में सजकर आती है और धार्मिक भजनों पर गरबा करती है. गरबो के बाद बालिकाओ को खीर का प्रसाद वितरित किया जाता है.

# इंदौर में शूट की गई भारत की पहली वन शॉट फिल्म

## फिल्म 2020 दिल्ली 14 नवंबर को होगी रिलीज

**इंदौर. इंदौर में पूरी तरह शूट की गई भारत की पहली वन-शॉट हिंदी फीचर फिल्म 2020 दिल्ली अब 14 नवंबर 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ के लिए तैयार है. फिल्म को लेकर कई विवाद और राजनीतिक विरोध भी सामने आए, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने इसे रचनात्मक स्वतंत्रता का समर्थन देते हुए सभी याचिकाएं खारिज कर दीं. फिल्म को शहर के देवेंद्र मालवीय ने लिखा, निर्देशित और निर्मित किया है. बिना किसी कट के 2 घंटे 16 मिनट की इस फिल्म को एक ही टेक में शूट किया गया है- जो भारतीय सिनेमा में अब तक नहीं हुआ था. इस तकनीक को अब तक केवल वर्ल्ड सिनेमा और हॉलीवुड में ही अपनाया गया है.**



देवेंद्र मालवीय का कहना है कि यह फिल्म न सिर्फ एक टेक्निकल अचीवमेंट है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा की रक्षा का भी एक प्रयास है. फ़िल्म देखने के बाद सबको जवाब मिल जाएगा कि यह प्रोपेगेंडा नहीं मेरी 5 साल की मेहनत, ज़िंदगी भर का सार है, ये फ़िल्म अगर किसी का पक्ष लेती है तो वो है सच्चाई का, सच्चे सिनेमा का, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का. उन्होंने यह भी घोषणा की है कि फिल्म से मिलने वाली आय का एक हिस्सा पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के पुनर्वास में लगाया जाएगा. पूरी फिल्म इंदौर में शूट की गई है और इसमें मध्यप्रदेश के 300 से ज्यादा कलाकारों और तकनीशियनों ने काम किया है. पोस्ट-प्रोडक्शन से लेकर म्यूजिक तक का काम भी स्थानीय स्तर पर किया गया है. फिल्म की कहानी नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), पाकिस्तान-बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थियों की पीड़ा और 2020 में हुए दिल्ली दंगों के घटनाक्रम पर आधारित है. फिल्म यह दिखाने की कोशिश करती है कि कैसे सीएए के विरोध की आड़ में एक बड़ा वैचारिक और सांस्कृतिक हमला देश के खिलाफ चलाया गया.

**शीर्षक गीत लांच किया**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा फिल्म का युद्ध कर शीर्षक गीत 24 लॉन्च किया गया, इसकी खास बात कि आधुनिक संगीत के साथ इस गीत को पूरी तरह हिंदी और संस्कृत शब्दों में लिखा गया है और इसे भी खुद निर्देशक ने लिखा है. कार्यक्रम में एक्टर समर जय सिंह, लेखक एवं मीडिया पैनलिस्ट प्रदीप माहौर सोनी, तथा प्रोड्यूसर नंदकिशोर मालवीय की उपस्थिति में फ़िल्म की रिलीज़ डेट अनाउंस की गई.

एक नजर में — दलाल बाग में आयोजित महामांगलिक अनुष्ठान में शामिल हुए देशभर से आए हजारों श्रावक-श्राविकाएं

# जिनशासन के मंत्रों में शांति, संयम मार्ग पर आगे बढ़ने के उपाय : विश्वरत्न सागर

**इंदौर. मनुष्य जीवन में कई तरह के घटनाक्रम आते-जाते रहते हैं. गुरुदेव नवरत्न सागर ने महामांगलिक के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश दिया है.**



भारत के संत और विद्वान हमेशा समाज के कल्याण और दीन, दुखी, दरिद्र की भलाई के लिए चिंतन करते हैं. आज जब समूचा विश्व कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है, तब मनुष्य का मानसिक भटकाव रोकना बहुत प्रासंगिक लगता है. जिनशासन इतना समृद्ध और सक्षम है कि मंत्रों के माध्यम से भी हम शांति, संयम और साधना के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं।

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्नसागर म.सा. के, जो उन्होंने वीआईपी रोड स्थित दलाल बाग पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में महामांगलिक के दौरान व्यक्त किए. लगभग दो घंटे चले इस अनुष्ठान के प्रारंभ में चातुर्मास संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा, दीपक सुराना, सुनील जैन एमबी आदि ने सबकी अगवानी की. दलाल बाग पर अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में चातुर्मास अनुष्ठान हो रहा है. लाभार्थी दिलीप कुमार केवलचंद खूबाजी परिवार के सदस्य थे. धर्मसभा में आचार्यदेव मृदुरत्न सागर, गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर एवं मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर ने भी महामांगलिक की महत्ता बताई. इस दौरान दलाल बाग में मौजूद 5 हजार से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने महामांगलिक के दौरान अपनाई जाने वाली हाथ, चेहरे एवं शरीर के अन्य अंगों की क्रियाओं का भी पालन किया.

**जीवन में कुछ स्थायी नहीं**

जैनाचार्य विश्वरत्न सागर ने महामांगलिक के दौरान विभिन्न मुख मुद्राओं एवं शारीरिक अभ्यास के माध्यम से उनका महत्व भी बताया उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में हर क्षण अनेक तरह के बदलाव आते रहते हैं. यहां कुछ भी स्थायी नहीं है. सब कुछ बदलने वाले इस युग में यदि हम अपने गुरूदेव द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर और उनके द्वारा दिए मंत्रों से स्वयं पर नियंत्रण पाना सीख लें तो जीवन में बहुत कुछ शांति और स्थिरता मिल सकती है.



# युवा शक्ति व राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित रहा एनएसएस स्थापना दिवस

**इंदौर. श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पारितोष अवस्थी के मार्गदर्शन में हुआ.**

उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को हस्र की राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया. इस अवसर पर प्रो. विभोर एरन ने विद्यार्थियों को सेवा संगठन के विविध कार्यों की जानकारी दी, वहीं डॉ. गायत्री पलोड ने युवाओं को संगठन से जुड़कर समाजसेवा के लिए प्रेरित किया. डॉ. जे. एस. भाटिया (कार्यक्रम अधिकारी) ने संगठन के माध्यम से देशहित में किए जा सकने वाले योगदानों पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में डॉ. हितेश चौधरी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई. संचालन सह-प्राध्यापक सत्यंम पांचाल ने किया. इस अवसर पर 100 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे.